खतरा बारिश के साथ बढ़ा डेंगू-मलेरिया का खतरा

छतों और कबाड़ में जमा पानी से पनप रहे मच्छर

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर में लगातार हो रही बारिश के बीच शहर के नेपियर टाउन, राइट टाउन जैसे इलाकों के मोहल्लों में घरों की छतों, खाली प्लॉटों और आसपास पड़े कबाड़ के सामान में वर्षा का पानी जमा होने लगा है। पुराने टायर, टूटे कूलर, प्लास्टिक की बाल्टियां, ड्रम, गमले, बोतलें, नारियल के खोल और अन्य अनुपयोगी सामान में कई दिनों तक पानी भरा रहने से डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ और रुके हुए पानी में तेजी से अंडे देता है, जबकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को भी ऐसे ही स्थान अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। मानसून के दौरान घरों और आसपास जमा पानी को समय-समय पर हटाना सबसे प्रभावी बचाव माना जाता है। शहर के कई इलाकों में मकानों की छतों पर रखी पानी की टंकियों के आसपास, बंद पड़े कूलरों, निर्माणाधीन भवनों और कबाड़ के ढेरों में पानी जमा होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। कई लोग बारिश के बाद छतों और आंगन में जमा पानी की सफाई पर ध्यान नहीं देते, जिससे कुछ ही दिनों में मच्छरों का प्रजनन शुरू हो जाता है। यही लापरवाही बाद में पूरे मोहल्ले के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन ड्राई डे मनाकर कूलर खाली करना, पानी के बर्तनों को साफ करना और छतों पर जमा पानी हटाना डेंगू की रोकथाम में बेहद प्रभावी उपाय है।

बढ़ जाता है बीमारियों का खतरा

बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा हर वर्ष बढ़ जाता है। ऐसे में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान, फॉगिंग और लार्वा नष्ट करने की कार्रवाई तभी सफल होगी, जब आम नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि मच्छरों की रोकथाम केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार को अपने घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए।

यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, शरीर में दर्द, सिरदर्द या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए और स्वयं दवा लेने से बचना चाहिए।

नियमित हो दवा का छिड़काव

स्वच्छता और सतर्कता ही इस मौसम में सबसे बड़ा बचाव है। यदि समय रहते छतों, गलियों, खाली प्लॉटों और कबाड़ में जमा पानी को हटाने की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जबलपुर में डेंगू और मलेरिया के मामलों में बढ़ोतरी से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में यह आवश्यक है कि नगर निगम नियमित निरीक्षण करे, संवेदनशील क्षेत्रों में फॉगिंग बढ़ाए और नागरिक भी अपने घरों के साथ-साथ आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखकर इस खतरे को समय रहते रोकने में सहयोग करें।

नई यूनिफॉर्म पर बवाल, कॉलेज के बाहर चकाजाम

नवभारत, जबलपुर। होम साइंस महिला महाविद्यालय में नई यूनिफॉर्म लागू करने के फैसले पर बवाल मच गया है। 'पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश' ने कॉलेज प्रबंधन के फैसले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कॉलेज के बाहर विद्यार्थियों के साथ चक्का जाम कर दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई है और मोर्चा संभाल लिया है आक्रोशित जनों को समझाइश दी जा रही है। एसोसिएशन ने नई यूनिफॉर्म व्यवस्था को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो छात्राएं और अभिभावक सड़क पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेंगे। पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने बिना किसी ठोस कारण के अचानक यूनिफॉर्म बदल दी है। इससे हजारों अभिभावकों पर बेवजह नया वित्तीय बोझ आ गया है। इसके अलावा, छात्राओं ने नई यूनिफॉर्म के हल्के रंग पर गंभीर व्यावहारिक आपत्तियां उठाई हैं। कॉलेज में पहले से चल रही गहरे रंग की यूनिफॉर्म छात्राओं की शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों के लिहाज से अधिक सुरक्षित, उपयुक्त और सम्मानजनक थी। नई हल्के रंग की ड्रेस के कारण छात्राओं को कैंपस और सफर के दौरान असहजता, व्यावहारिक दिक्कतों और मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है।

ये हैं प्रमुख मांगें

कॉलेज में लागू की गई नई ड्रेस व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। छात्राओं की गरिमा, स्वास्थ्य और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पुरानी यूनिफॉर्म को ही यथावत लागू किया जाए। इस सत्र में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए भी पुरानी ड्रेस ही मान्य की जाए। अभिभावकों की जेब पर जबरन डाका डालने वाले ऐसे फैसलों पर प्रशासन तुरंत रोक लगाए।

एक नजर में

हाईकोर्ट से राहत, अवमानना याचिका निराकृत

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने न्यायिक हस्तक्षेप से 36 वर्ष पुराने विवाद का पटाक्षेप कर दिया। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लंबे समय से लंबित सेवा संबंधी मामले में याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उसे राहत प्रदान की। इसके साथ ही संबंधित अवमानना प्रकरण का भी निराकरण कर दिया गया। कोर्ट ने गिरधारी लाल द्विवेदी बनाम मध्यप्रदेश शासन व अन्य (जल संसाधन विभाग व मप्र लोक सेवा आयोग) और इससे संबद्ध अवमानना प्रकरण पर सुनवाई के बाद राहतकारी आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता गिरधारी लाल द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता आकाश चौधरी ने पैरवी की। लगभग 36 वर्षों से चले आ रहे इस विवाद में अंततः न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय देते हुए राहत सुनिश्चित की। आदेश के साथ ही लंबित अवमानना प्रकरण का भी निराकरण कर दिया गया।

होटल के रूम में बैठी थी तीन फीट लंबी कोबरा नागिन

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट थानांतर्गत भेड़ाघाट नगर परिषद कार्यालय के बगल में स्थित होटल हाली डे होम के रूम नंबर 105 में सांयकाल 04:30 बजे एक तीन फीट लंबी नागिन को बैठा देखकर वहां अफरातफरी मच गई। होटल के प्रबंधक ने तत्काल रूम के दरवाजे को बंद कर दिया। तथा सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे श्री दुबे ने रैस्क्यू करते हुए नागिन को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ी गई नागिन कोबरा प्रजाति की है।जो कि बेहद ख़तरनाक और जहरीली होती है। यद्यपि जब तक सर्प को छेड़ा ना जाए, तब तक ये किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाते। गनीमत थी कि रूम में कोई नहीं था। नागिन के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

होटल में चोरी, आलमारी से जेवर गायब

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत रिछाई में चोरों ने एक होटल में धावा बोलते हुए आलमारी में रखे जेवरात पार कर दिए। पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम श्रीमति उमा यादव 42 वर्ष निवासी टाटा चौराहा रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टाटा चौराहा रिछाई इंडस्ट्रीयल एरिया में चाय नाश्ता की दुकान चलाती है व वहीं पर रहती है, वे बेटी पायल यादव के साथ अधारताल बजार सामान खरीदने आई थी पति घर में थे, बाजार से बीती रात लगभग 10 बजे घर वापस आयी पति शराब के नशे में सो रहे थे होटल में रखी आलमारी का ताला टूटा हुआ था आलमारी के लॉकर में रखी सोने की 1 नथ, चांदी की 2 जोड़ी पायल, 5 चूड़ी, 2 चैन, बच्चे पैर में पहनने वाली बेड़ी, गायब थी कोई अज्ञात चोर होटल के अंदर रखी आलमारी का लॉक तोडकर चोरी कर ले गया है।

चुंगी नाका में फिर चकाजाम, करंट से युवक की मौत पर भड़का आक्रोश

दुकानदार पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग

पुलिस ने परिजनों को दिया कार्यवाही का आश्वासन

नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत आईटीआई के पास रविवार को दुकान के ऊपर चढ़कर पन्नी डालते समय करंट लगने से हुई मौत के बाद सोमवार को भी आक्रोश भड़क गया। परिजनों ने पुनः चुंगी नाका में शव को रखकर चक्काजाम किया। आक्रोशति परिजनों ने दुकान संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच ओर कार्रवाई के साथ मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझाइश देते हुए जांच के बाद कार्रवाई का अश्वासन दिया है।

रविवार को भी परिजनों ने चक्काजाम किया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनुराग शर्मा 22 वर्ष निवासी शंकरनगर माढ़ोताल का रविवार दोहपर लगभग 3-30 बजे चुंगी नाका आईटीआई माढ़ोताल में स्थित अपने दोस्त की चाय नाश्ते की दुकान पर पहुंचा था जहां वे दुकान पर चढ़कर पन्नी बांध रहा था तभी ऊपर से गुजरी बिजली लाइन की चपेट में वे आ गया था।

बिजली लाइन में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से वे झुलस गया था। आनन-फानन में अनुराग शर्मा का भाई अभिषेक शर्मा उसे मेडिकल कॉलेज ले गया था जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने चुंगी नाका में प्रदर्शन शुरू कर दिया था। सोमवार को पीएम के बाद परिजनों ने पुनः चुंगी नाका में पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। उन्होंने कहा कि दुकान संचालक ने कहा कि लापरवाही के चलते हादसा हुआ है। जबरन दुकान के ऊपर चढ़वाकर पन्नी लगवा रहा था। बिना सुरक्षा इंतजाम के काम करवाया जा रहा था। उन्होंने दुकान संचालक पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। प्रदर्शन के चलते माढ़ोताल तिराहे पर लंबा जाम लग गया था। सूचना पर पहुंची सूचना पुलिस ने आक्रोशजनों को समझाइश दी बल्कि उन्हें जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन माने।

ई रिक्शा से बैटरियां चोरी

नवभारत, जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गतर रद्दी चौकी में ई रिक्शा से चोर बेटरियां चुराकर ले गए। पुलिस के मुताबिक मनीष साहू 26 वर्ष निवासी रद्दी चौकी का बीती रात लगभग 11 बजे अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 9364 को अपने घर के पास खड़ा करके अंदर सोने चला गया था। सुबह लगभग 9 बर्जे रिक्शा चालू किया जो नहीं हुआ देखा ई रिक्शा से चारों बेटरियां गायब थीं कोई अज्ञात चोर उसके ई रिक्शा से चारों बेटरी कीमती लगभग 40 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है।

जून माह में 575 वैगनों की मरम्मत हुई

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों एवं वैगनों के अनुरक्षण कार्य को निरंतर उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जा रहा है। मुख्य कारखाना प्रबंधकों के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के जून 2026 के दौरान दोनों कारखानों में कुल 674 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग किया गया। जिसमें सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल द्वारा 99 कोचों तथा डब्ल्यूआरएस, कोटा द्वारा 575 वैगनों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग शामिल है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में दोनों कारखानों द्वारा कुल 2045 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग किया गया।

इसमें सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल द्वारा 286 कोचों तथा डब्ल्यूआरएस, कोटा द्वारा 1759 वैगनों का अनुरक्षण किया गया है। कोचों एवं वैगनों की बॉडी तथा अंडरगियर की मरम्मत कर सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित किया जाता है। इसके साथ ट्रॉली एवं बोगी के सभी महत्वपूर्ण पुर्जों का अनुरक्षण एवं मरम्मत की जाती है।

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव का हुआ शंखनाद

पहले दिन अध्यक्ष समेत प्रमुख पदों के लिए नामांकन

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के 2026-28 कार्यकाल के चुनाव की औपचारिक शुरुआत सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के साथ हो गई। पहले ही दिन अध्यक्ष से लेकर सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए दावेदारों ने नामांकन दाखिल कर चुनावी सरगर्मियां तेज कर दीं। न्यायालय परिसर पूरे दिन चुनावी चर्चाओं और समर्थकों की आवाजाही से गुलजार रहा।

मुख्य चुनाव अधिकारी जीएस ठाकुर की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता अभय शुक्ला ने नामांकन दाखिल किया। पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार शुक्ला एवं दिलीप श्रीवास्तव, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद के लिए वर्षा तिवारी मैदान में उतरीं। सचिव पद के लिए अमित कुमार साहू, सह सचिव पद के लिए सतीश कुमार शर्मा और शैलेंद्र यादव, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए नेहा मिश्रा ने नामांकन प्रस्तुत किया। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए विधा कुशवाहा, आशीष पांडे, सपन नेमा, राजेश कुमार दुबे, अर्जुन साहू तथा रीता नौटियाल सहित छह अभ्यर्थियों ने अपने पर्चे दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सहायक चुनाव अधिकारी सुभाष शुक्ला, रजनीश यादव, तरुण रोहितास, सचिन अग्रवाल, मीना बेन, प्रिया रामटेक, मीनाक्षी राव, कर्णिका जैन, शिवप्रताप सिंह, नरेंद्र ठाकुर एवं महेंद्र डोंगरे सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। नामांकन की शुरुआत के साथ ही जिला अधिवक्ता संघ का चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। अब आने वाले दिनों में नाम वापसी और प्रचार के साथ मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है।

तालाब में मिली लापता युवक की लाश, हत्या, आत्महत्या एंगल पर जांच

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत सूपाताल तालाब में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक रविवार रात से लापता था। परिजनों ने बेरहमी से मारपीट करने और साक्ष्य छिपाने के लिए उसे तालाब मेंफेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस हत्या, आत्महत्या एंगल पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, बीटी तिराहा निवासी अमर रविवार रात को अपने कुछ दोस्तों के साथ घर से निकला था। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई। सोमवार सुबह सूपाताल तालाब में उसका शव तैरता हुआ मिला। मृतक के परिजनों का आरोप है कि दोस्तों ने पहले अमर के साथ जमकर मारपीट की। जब वह अधमरा हो गया या उसकी मौत हो गई, तो मामले को हादसे का रूप देने और साक्ष्य मिटाने की नीयत से उसे सूपाताल तालाब में फेंक दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकालकर पंचनामा कराया। पुलिस मामले फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पुलिस इस मामले को डूबने से हुई मौत और हत्या, दोनों ही दृष्टिकोण से खंगाल रही है। पुलिस उन दोस्तों की सूची तैयार कर रही है जो रविवार रात अमर के साथ मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, मौत की असली वजह शॉर्ट पीएम या विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जर्जर स्कूल भवन ढहाते समय गिरा छत, दो दबे, एक श्रमिक की मौत

नवभारत, जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत कनतोरा में सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला के एक पुराने और जर्जर भवन को तोड़ने के दौरान अचानक उसकी छत भरभरा कर गिर गई। इस मलबे की चपेट में आने से वहाँ कार्य कर रहे दो मजदूर बुरी तरह दब गए। अस्पताल में इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि कनतोरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का एक हिस्सा लंबे समय से अत्यंत जर्जर और खतरनाक स्थिति में था। सोमवार दोपहर करीब 11 बजे दो मजदूर इस जर्जर ढांचे को गिराने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक छत ढह गई। भारी-भरकम मलबे के नीचे दोनों मजदूर दब गए। धमाके और चीख-पुकार की आवाज सुनकर स्कूल परिसर और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े। घटना की सूचना मिलते ही पाटन पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिस बल ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मलबे को हटाया और दोनों लहूलुहान मजदूरों को बाहर निकाला। दोनों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जबलपुर रेफर किया गया जहां मनोज उर्फ बाबू प्रजापति पिता स्व. हल्के लाल प्रजापति (45) निवासी नूनसर पाटन ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरा मजदूर पवन रैकवार पिता स्वर्गीय मलखान रैकवार (30) निवासी ग्राम कनतोरा हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका इलाज जारी है।

सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल पुलिस जांच में जुटी

इस हादसे ने सरकारी निर्माण कार्यों और जर्जर भवनों को गिराने के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों की माने तो प्राथमिक दृष्टि में यह बात सामने आ रही है कि मजदूरों के पास सुरक्षा के पर्याप्त उपकरण नहीं थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताओं अब तक चालान और गिरफ्तारी क्यों नहीं?

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने कटनी निवासी आकाश पोपटानी द्वारा अपने पिता के माध्यम से दायर रिट याचिका पर राज्य शासन से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिए हैं कि संबंधित पुलिस अधिकारियों से निर्देश प्राप्त कर बताया जाए कि प्रकरण में अब तक आरोपियों के विरुद्ध न तो चालान प्रस्तुत किया गया और न ही औपचारिक गिरफ्तारी क्यों की गई।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शांतनु तिवारी ने तर्क दिया कि आकाश पोपटानी स्वयं हत्या के एक अन्य प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में है, जबकि वर्तमान रिट याचिका के निजी प्रतिवादी उसी मुकदमे में गवाह हैं और इस प्रकरण में आरोपी भी हैं। इसके बावजूद पुलिस ने निष्पक्ष जांच नहीं की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि माधवनगर थाना पुलिस को शुरू से बताया गया था कि याचिकाकर्ता के साथ गंभीर मारपीट हुई थी और वह चलने-फिरने की स्थिति में नहीं था। यह भी कहा गया कि मृतक चंचलानी शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था तथा बाद में अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की, लेकिन इन तथ्यों की समुचित जांच नहीं की गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि विवेचना लंबित रहने से वह अपने विरुद्ध चल रहे हत्या के मुकदमे में प्रभावी बचाव भी नहीं कर पा रहा है। हाईकोर्ट ने शासन से इस संबंध में निर्देश लेकर अगली सुनवाई पर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

अव्यवस्था मिट्टी के बर्तनों का बाजार

अब पिसनहारी की मढ़िया मार्ग पर सजे मटके

जबलपुर, नवभारत। शहर के त्रिपुरी चौक से पिसनहारी की मढ़िया मार्ग पर एक बार फिर सड़क किनारे अतिक्रमण का नजारा देखने को मिल रहा है। बारिश के मौसम के बीच मिट्टी के मटके, गमले और अन्य बर्तन बेचने वाले बड़ी संख्या में सड़क किनारे डेरा जमाए हुए हैं। दुकानदारों ने सड़क और फुटपाथ के बड़े हिस्से पर अपना सामान सजा दिया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त मार्ग होने के कारण दिनभर यहां जाम जैसी स्थिति बन रही है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।

हटाई जा चुकी है दुकानें

गौरतलब है कि इससे पहले गढ़ा थाना के सामने भी इसी तरह सड़क किनारे लगे अस्थायी बाजार को प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया था। नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया गया था। लेकिन अब त्रिपुरी चौक से पिसनहारी की मढ़िया तक फिर से उसी तरह का कब्जा दिखाई देने लगा है, जिससे अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की स्थायित्व पर सवाल उठने लगे हैं।

बिगड़ जाएगी स्थिति

यहाँ से रोज़ गुज़रने वाले राहगीरो का कहना है कि यदि समय रहते सड़क किनारे हो रहे इस अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी। नागरिकों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से मांग की है कि गढ़ा थाना क्षेत्र की तरह इस मार्ग पर भी अभियान चलाकर सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

सफल बोलीदाता के आवेदन पर 30 दिन में फैसला करें : हाईकोर्ट

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने प्रशासनिक निर्णयों में अनावश्यक विलंब पर टिप्पणी करते हुए आबकारी आयुक्त को निर्देश दिया है कि सफल बोलीदाता के लंबित अभ्यावेदन पर 30 दिनों के भीतर विधि अनुसार कारणयुक्त आदेश पारित करें। कोर्ट ने भैया राठौर एंड कंपनी की याचिका का निराकरण करते हुए यह निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने पक्ष रखा। बताया गया कि जबलपुर के भानतलैया स्थित सिंधी कैंप की कंपोजिट शराब दुकान के लिए कंपनी सफल बोलीदाता घोषित हुई थी।

बोलेरो से पहुंचे बदमाशों ने किया पथराव, लट्ठ से हमला, 3 घायल

नवभारत, जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत मझगवां में बुलेरो से पहुंचे बदमाशों ने पथराव करते हुए लट्ठ से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि देवप्रकाश दुबे 54 वर्ष निवासी तुलसीनगर रांझी की कृषि भूमि थाना पनागर अर्न्तगत ग्राम मझगवां में है उसके खेत में रखवारी करने वाले राजू प्रजापति की चाय पानी गुटखा की दुकान है वह अपने खेत गेट के अंदर कुर्सी पर बैठा था तभी सफेद रंग की बोलेरो से पप्पू ठाकुर, रिखिराम मेहरा के साथ अन्य 5 व्यक्ति आये उतरकर उसके खेत की रखवारी करने वाले राजू प्रजापति की दुकान पर जाकर सामान लिये पैसा मांगने पर पप्पू ठाकुर विवाद करते हुये शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने, पप्पू ठाकुर, शिवाराम नामदेव, रिखिराम, धर्मेन्द्र ठाकुर, सतेन्द्र ठाकुर, अस्सू नामदेव एवं राज नामदेव एक राय होकर उसके साथ मारपीट करने लगे, पप्पू ठाकुर ने रोड पर पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर में मार दिया। रिखिराम ने डंडे से मारकर चोट पहुंचा दी, राजू प्रजापति एवं राजू की पत्नी आरती उसे बचाने लगे तो धर्मेन्द्र ठाकुर ने आरती के साथ लाठी से मारपीट की। शिवराम ने आरती के मुह, सिर पर पत्थर मारकर चोट पहुंचा दी।